डाक पंजीयनक्र. मालवा डिविजन /404/2025-27 RNI MPHIN/2022/86763



# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com



स्व. पूज्य पिता रतनलाल जी माहेश्वरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी(जेल) रानापुर जिला झाबुआ के चरणों में सादर समर्पित

हिन्दी सांध्य दैनिक | इंदौर , शनिवार 19 अप्रैल 2025 | वर्ष-03 अंक-253 पृष्ठ-08, मूल्य-3: 00

# मुख्यमंत्री 20 अप्रैल को नीमच जिले के खिमला में चीते छोड़कर चीता प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे

## विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने खिमला एवं रामपुरा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगामी 20 अप्रैल को नीमच जिले के जावद रामपुरा एवं खिमला ब्लाक मे कार्यक्रम प्रस्तावित है।



**संजय जैन,सह-संपादक। उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जावद में 20 अप्रैल को हेलीकॉप्टर से पहुंचकर वहां सीएम राइज स्कूल भवन के लोकार्पण समारोह एवं हितग्राहियों को हित लाभ वितरण तथा नवीन उद्योगों, विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात हेलीकॉप्टर से रामपुरा पहुंचकर वहां मेला ग्राउंड पर आयोजित जनसभा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण भूमि पूजन एवं हितग्राहियों को हित लाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रामपुरा के कार्यक्रम पश्चात हेलीकॉप्टर से खिमला ब्लॉक के लिए प्रस्थान कर खिमला में चीता प्रोजेक्ट के तहत निर्मित गांधी सागर अभ्यारण अभ्यारण के बाड़े मैं चीते छोड़कर गांधी सागर अभ्यारण प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। खिमला मे चीता प्रोजेक्ट के बाड़े के मुख्य द्वार के सामने हेलीपैड निर्माण , बाड़े में बैरिकेडिंग्स,वायर फेंसिंग , सुरक्षा व्यवस्था एवं मंच निर्माण,चीते छोड़ने के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी निर्देश दिए। विधायक श्रीमारू एवं कलेक्टर,एसपी ने रामपुरा में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल हेलीपैड मंच स्थल पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कलेक्टर ने तत्परता पूर्वक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

---

### प्रदेश में शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में हो नामांकन

# संभागीय और जिला कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी स्कूलों का करें सतत निरीक्षण

**श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे पुरस्कृत**

**स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से अधिकारियों से की चर्चा**





उज्जैन स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रयास होना चाहिये कि प्रदेश के शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन हो। इसके लिये उन्होंने टीम वर्क के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने अनेक जिलों में अब तक कराये गये नामांकन की जानकारी प्राप्त की। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग के जो अधिकारी-कर्मचारी श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनका सार्वजनिक रूप से सम्मान किया जायेगा। कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदार रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह गत दिवस मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर शिक्षा को नई दिशा दें। बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**नामांकन दर बढाने के दिये निर्देश** मंत्री श्री सिंह ने एक अप्रैल, 2025 से शुरू हुए प्रदेशव्यापी प्रवेश उत्सव की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अप्रैल अंत तक स्कूल जाने योग्य बच्चों का नामांकन हो जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। मंत्री श्री सिंह ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जानकारी भी ली। मंत्री श्री सिंह ने अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना के लिये जल्द पोर्टल शुरू किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता की मैपिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये।

**टाइम टेबल बनाकर करें हॉस्टल्स का निरीक्षण** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने विभाग के हॉस्टल्स का निर्धारित टाइम टेबल बनाकर निरीक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्ल्स हॉस्टल में सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्कूलों के विभिन्न कार्यों में विधायक और सांसद निधि का उपयोग किया जाये।

**जिम्मेदार कड़ी के रूप में काम करें अधिकारी** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जिला और राज्य स्तर के अधिकारियों के बीच संभागीय अधिकारी कड़ी के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र का निरंतर दौरा करें। कार्यालयों में लंबित पेंशन और अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाये। उन्होंने कहा कि जून माह में संभाग और जिला स्तर पर पदस्थ अधिकारियों के साथ पुनः समीक्षा की जायेगी। स्कूल सचिव डॉ. गोयल ने बताया कि शिक्षकों के उपस्थिति पोर्टल पर अटेंडेंस का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया जायेगा।

# वर्ष 2025 में थाना जोबट क्षैत्रान्तर्गत अबतक की अवैध शराब के विरूद्ध जिले की सबसे बडी कार्यवाही

**1500 पेटी शराब कीमती 85 लाख 25 हजार रूपये की जप्त 01 आरोपी गिरफ्तार एवं 01 वाहन कीमती 25 लाख रूपये का जप्त किया गया**

**संजय राठौड़/आशीष वाणी**

**अलीराजपुर** –पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास ने बताया कि थाना जोबट क्षैत्रान्तर्गत दिनांक 17.04.2025 की शाम थाना प्रभारी जोबट निरीक्षक विजय वास्कले को कस्बा/देहात भ्रमण के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बाग रोड जिला धार तरफ से जोबट की ओर अवैध शराब परिवहन संबंधी वाहन आ रहा है, तभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट नीरज नामदेव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जोबट एवं उनकी अधीनस्थ टीम के द्वारा मुखबीर द्वारा बताये मार्ग पर पहुंचकर अलीराजपुर जिले की सीमा पर बने पुलिस सहायता केन्द्र पर वाहन की घेराबंदी हेतु नाकेबंदी की गई, तभी पुलिस टीम को धार जिले के बाग की तरफ से जोबट की ओर ऑयशर वाहन आते हुये दिखाई दिया। पुलिस टीम के द्वारा ऑयशर वाहन क्रमांक MP09DP8603 को रोककर वाहन चालक का नाम/पता पूछते अपना नाम संजय पिता सोहन पंवार 27 साल, निवासी 122



मेढकवास, देपालपुर जिला इंदौर का होना बताया। ऑयशर वाहन की तिरपाल हटाकर वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गोवा व्हिस्की कंपनी की बडी मात्रा मे पेटीयां भरी हुई थी, जिसके संबंध में वाहन चालक संजय से पूछताछ करते उसके द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नही दिया गया।

पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल से ऑयशर वाहन मय अवैध शराब के अपने कब्जे मे लेते हुये आरोपी को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर थाना जोबट लाया गया व वाहन से पेटीयां उतारकर गिनती की गई। ऑयशर वाहन क्रमांक MP09DP8603 मे 1500 पेटी गोवा व्हिस्की 13500 लीटर कीमती 85 लाख 25 हजार एवं अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन कीमती 25 लाख रूपये का विधिवत जप्त करते हुये, वाहन चालक संजय पिता सोहन पंवार 27 साल, निवासी 122 मेढकवास, देपालपुर जिला इंदौर को गिरफ्तार कर थाना जोबट मे अपराध क्रमांक 138/2025, धारा 34(2),36, 46 आब. एक्ट का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि वर्ष 2025 में अवैध शराब के विरूद्ध अलीराजपुर पुलिस की अबतक की सबसे बडी कार्यवाही जोबट क्षैत्रान्तर्गत हुई है। अलीराजपुर पुलिस के द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अलीराजपुर की लगातार निगाह बनी होकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले मे अबतक कुल 422 प्रकरणों में 32098 लीटर अवैध शराब कीमती 1 करोड 40 लाख रूपये की जप्त की जा चुकी है तथा अवैध शराब परिवहन में करीबन 1 करोड रूपये से अधिक के 09 वाहन भी जप्त किये गये हैं। थाना जोबट क्षैत्रान्तर्गत की गई कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक विजय वास्कले, उप निरीक्षक रविन्द्र डांगी, उप निरीक्षक गोविन्द कटारे, आर मनीष चरपोटा, आर गजेन्द्र निंगवाल, आर चैनसिंह एवं आर रवि निनामा का सराहनीय योगदान रहा है।

# 2 मकानो की खिड़कियां तोड़ी, 1 मकान से लगभग 4 लाख नगदी व 1 किलो चांदी सहित लाखो के सोने के आभूषणों की चोरी

**रतनगढ़ में लगभग 16 से भी अधिक सी.सी. टीवी कैमरे लगे होने के बाद भी चोरो ने किले के ऊपर हनुमान जी का घंटा चुराया, लाखों रुपए की चोरी नवागत थाना प्रभारी विरेन्द्र झा के लिए बनी बहुत बड़ी चुनौती**

**निर्मल मूंदड़ा रतनगढ़**

नीमच। जिले के अंतर्गत थाना रतनगढ़ में गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि में हनुमान जी के मंदिर सहित दो मकान की खिड़कियां तोड़कर लाखों रुपए मूल्य की नगदी व जेवरात ले जाने में सफल हो गए।विस्तृत जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमजद पिता अकबर खाँ उम्र 45 साल निवासी बोहरा घाटी वार्ड नम्बर 11 रतनगढ़ ने रतनगढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 17.अप्रेल गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्री में जब वह अपने परिवार पत्नि और बच्चों सहीत छत पर सो रहा था।सुबह करीबन 6 बजे मेरी नींद खुलने पर नीचे कमरे मे आया तो घर के रास्ते की तरफ मेन गेट के पास वाली खिड़की पूरी टूटी हुई पड़ी थी।और कमरे मे रखी गोदरेज की आलमारी के ताले भी टूटे हुए और अलमारी भी खुली हुई पड़ी थी।साथ ही आलमारी मे रखे सारे कपड़े और घर का सारा सामान इधर–ऊधर सब तरफ बिखरा हुआ पड़ा था।पत्नी व बच्चो को आवाज लगाई।और हमने आलमारी और कमरा चैक किया तो आलमारी में रखे लगभग 1 किलो चांदी के नए पूराने सिक्के, व 1 जोड़ चांदी के पायजेब 250 ग्राम,1 जोड़ छोटी



बच्ची की चांदी की चुड़ीयां,पैरो में पहनने की चांदी की 4 बिछिया,1 सोने का मंगल सूत्र वजन लगभग 1 तोला, कान में पहनने के सोने के टाप्स लगभग आधा पौन तोला,1 सोने की अंगुठी लगभग आधा पौन तोला,बच्ची की 1 सोने की अंगूठी एवं कान की बाली दोनो मिलाकर लगभग आधा तोला, मोटर सायकिलो की किश्तो,नई गाड़ीयो सहित अन्य आलमारी रखा नगदी 3 लाख रुपये से अधिक एवं पत्नी के करीब 70 हजार रुपये अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए थे। इसके साथ ही अमजद की पत्नी के लगभग 7/8 जोड़ी नए कपड़े आदि भी रात्री के समय कोई घर की खिड़की तोड़कर उक्त सामान व नगदी चोरी करके ले गया है। इसके साथ ही कमरे की सफाई के दौरान एक नकली मंगलसूत्र भी फेका हुआ मिला है। जो शायद अज्ञात व्यक्तियो द्वारा किसी और जगह से सोने का समझ कर चोरी करके लाया गया होगा। इसके साथ ही सामने ही स्थित हकीमिया मेडिकल स्टोर के मकान की खिड़की की जाली भी तोड़कर कर उनके घर में घुसे एवं फ्रिज में रखी खाद्य सामग्री को खा गए। लेकिन यहां से और किसी प्रकार की चोरी नहीं हुई। इसके साथ ही रतनगढ़ किले पर स्थित हनुमान जी के मंदिर से पीतल का घंटा भी अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं। निश्चित रूप से रतनगढ़ नगर में लगभग 16 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बाद भी इस प्रकार से लाखों रुपए की चोरी होना नवागत थाना प्रभारी वीरेंद्र झा के लिए एक बहुत कड़ी चुनौती है।अब देखना यह है।कि इस चुनौती से निपटने में थाना प्रभारी किस प्रकार से अपना कौशल दिखायेंगे और क्षेत्र की जनता की उम्मीद पर खरै उतरते हैं।

## इनका कहना है।

पुलिस की टीम इस चोरी को ट्रेस करने के लिए अपने स्तर पर गहन पूछताछ कर रही है।प्रथम दृष्टया देखा जा रहा है।कि चोरी की घटना में स्थानीय तो शामिल नहीं है।संदिग्ध लोगों पर बारीकी से नजर रख रही है।सीसी टीवी फुटेज की तलाश की गई लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं आया है।पुलिस इस चोरी को उजागर करने के लिए अपनी पूरी योजना के तहत कार्य कर रही है।और शीघ्र पुलिस इस चोरी को उजागर करेगी।रतनगढ़ नगर के कई सीसी टीवी कैमरे भी बंद पड़े हैं। इसके लिए पूर्व में नगर परिषद को भी पत्र लिखा गया था।

**वीरेंद्र झा थाना प्रभारी पुलिस थाना रतनगढ़**

# अचानक लगी आग से डेहरीपूरा के चार घर जलकर खाक

## पूर्व सरपंच दुदा सिंह जामोद के घर लगी आग ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने के प्रयास

**विशाल बाबा नामदेव**

बाग–धार जिले के कुक्षी तहसील के बाग थाना अंतर्गत डेहरीपूरा में पूर्व सरपंच के घर लगभग 2.3. बजे के दरमियान अचानक आग लग गई आग लगने से घर में रखा सामान जलकर खाक हुआ आग ने देखते ही देखते अन्य तीन घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से अन्य तीन घरों के सामान को बहार निकालने में की जा रही मदद मगर आग की



आंच से हर कोई परेशान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर (फायर ब्रिगेड) अग्नि शामक वाहन को सूचना दी मगर जब तक आग ने अपना रौद्र रुप दिखाते हुए अन्य घरों को चपेट में लिया तेज धूप और हवा के कारण आग लगातार बढ़ती जा रही थी पुलिस ने हालात को देखते हुए अन्य घरों से सामान निकलवाना शुरू किया पुलिस ओर ग्रामीणों की मदद से सभी की जान समय रहते बचा ली गई मगर घर नहीं बचा सके।

**आमजनो से एक अपील**

हम अपने समाचार पत्र के माध्यम से जनता से अपील निवेदन करते है कि इस भयानक गर्मी में राह चलते बीड़ी सिगरेट का उपयोग ना करे और शादियों में भी फायर फटाखों का भी उपयोग ना करे इसके कारण किसी का घर बर्बाद हो सकता है और किसी की जान भी जा सकती है हम अपनी खुशी के कारण दूसरे का घर ना जलाए।

# चरी वन क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रही जेसीबी को वन विभाग ने किया जब्त,प्रकरण दर्ज

**जुबेर अहमद** धरियावद

धरियावद–वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत हरिकिशन सारस्वत उपवन संरक्षक प्रतापगढ़,दिलीप सिंह गोंड सहायक वन संरक्षक बांसी के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी रामलाल भील के नेतृत्व में रेंज धरियावद अधीन वन क्षेत्र में स्टाफ को गश्त करने के निर्देश दिए गए। जिसमें 17 अप्रैल 2025 को शाम को मुखबिर द्वारा वन क्षेत्र चरी में अवैध खनन की सूचना मिली। जिस पर वन नाका भनावता स्टाफ मौके पर वनखंड चरी नामी जगह रांतीकांकर पहुंचा तो एक JCB बुलडोजर मशीन वन क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन कार्य करती हुई दिखाई दी। स्टाफ द्वारा जेसीबी को रोकने के लिए




आगे बढ़ा तो स्टाफ को वर्दी में अपनी ओर आता देख JCB ऑपरेटर जेसीबी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। स्टाफ द्वारा जेसीबी को जप्त कर मौका कार्रवाई कर बुलडोजर मशीन जेसीबी को वननाका भनावता परिसर में लाकर रखा गया। वहीं उच्च अधिकारी को निर्देशन कर राजस्थान वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान टीम में रामलाल भील क्षेत्रीय वन अधिकारी,महेंद्र सिंह चौहान सहायक वनपाल,तेजपाल मीना वनरक्षक,गौतम गायरी वनरक्षक, शंकर मीणा समिति सदस्य सहित उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सहायक वनपाल पवन मेघवाल रेंज धरियावद द्वारा दी गई।

# उबड़ खाबड़ सड़कों से ग्रामीणों को मिलेगी राहत - आमला सारणी विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे के प्रयासों से मिली स्वीकृति

**अजय बचले की रिपोर्ट आमला। घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के आधा दर्जन से अधिक ग्रामो पक्की सड़क नहीं होने के कारण उबड़ खाबड़ एवं कच्चे मार्गों से होकर पहुंचने में समय एवं आर्थिक नुकसान से जूझना पड़ रहा था जिसको देखते हुए आमला सारणी विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए शीघ्र ही पक्के मार्गों की स्वीकृति दिलाई जाने की मांग उच्च जनप्रतिनिधियों से की थी 2024/ 25 स्वीकृति मिलने के पश्चात 2025 26 में टेंडर भी हो चुके हैं ग्रामीण गोपाल कन्हैया राधे सरोज धामू शाहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बताया कि आजादी मिलने के पश्चात पक्की सड़कों को देखने तरस गए थे और उबड़ खाबड़ एवं कच्ची सड़कों से होकर गुजरने को विवश होना पड़ रहा था परंतु अमला सारणी विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के माध्यम से 2024 25 में सड़कों की स्वीकृति तो मिल गई थी पर टेंडर होना बाकी थे अब टेंडर होने के पश्चात शीघ्र ही पक्की सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा एवं उबड़ खाबड़ वह कच्ची मार्गों से ग्रामीणों को निजात मिल सकेगी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे ने बताया कि आमला सारणी विधायक ने जो कहा वो किया पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे ने बताया कि ग्राम केरिया से अम्बा माई भोपाली , ग्राम छूरी से माथनी तक, ग्राम जाजबोड़ी से डूलारा तक पक्की सड़क निर्माण हेतु टेंण्डर जारी हो चुका है। उपरोक्त सभी सड़को की मंजूरी विधायक डॉ योगेश पण्डागरे जी के अथक प्रयासों से विधानसभा के पिछले सत्र में मिली थी। इन सड़कों की मांग ग्रामवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। अब पवित्र तीर्थ स्थल भोपाली तक पहुंचना श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सुगम होगा। इसी प्रकार मयावानी गांव भी अब वाया छुरी सीधे बगडोना से जुड़ जाएगा। बोरी मार्ग से बगडोना आने वाले यात्रियों को अब सारनी नही जाना पड़ेगा। अब बाकुड़ से ही डूलारा जाजबोड़ी , सलैया होते हुए बगडोना पहुँच जाएंगे। उपरोक्त तीनों महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति दिलाकर निविदा जारी करवाने के लिये निर्देशित किया है**



# सांसद, विधायकों की सहभागिता, ग्राहक जागरूकता अभियान का असर

**5.79 करोड शुद्ध लाभ अर्जित कर सहकारी बैंक ने लगाई लंबी छलांग**

**गत वर्ष की तुलना में एक सौ तीस प्रतिशत की दर्ज की गयी वृद्धि**

**( कल्पेश सोनी राजू )** खरगोन - वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन के द्वारा सभी सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रू. 5.79 करोड का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया। जो गतवर्ष 2023-24 की तुलना में एक सौ तीस प्रतिषत अधिक है। बैंक के द्वारा वित्तीय वर्ष में अनेक नवाचार किये गये, बैंक द्वारा ऋण महोत्सव एवं अमानत बचत पखवाडा का आयोजन, सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत बैंक से संबंद्ध संस्था भीकनगांव, खेतिया, पानसेमल में जन औषधि केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। बैंक द्वारा प्रदेश में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन में प्रथम स्थान अर्जित कर खरगोन एवं बडवानी जिले गौरान्वित किया गया है। इसी तरह बैंक से संबंद्ध संस्था घुघरियाखेडी के द्वारा एग्रीड्रोन का उत्कृष्ट संचालन कर अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा सम्मान प्राप्त किया गया है। बैंक द्वारा भव्य ग्राहक जागरूकता अभियान चलाकर बैंक की रीति नीति, बैंक की ऋण योजनाओं, एवं बैंक विभिन्न अमानत योजनाओं की जानकारी को गांव-गांव तक पहूंचाया। ग्राहक जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले के जनप्रतिनिधि, सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल एवं ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, राजकुमार मेव एवं सचिन बिर्ला द्वारा सहभागिता कर बैंक ग्राहको एवं किसानों को बैंक की योजनाओं के बारे मार्गदर्शन दिया जाकर उनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया गया। जिसके परिणाम बहुत ही सुखद परिलक्षित हुये है। उक्त संबंध में बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल द्वारा बताया गया कि बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक द्वारा चहुमुखी प्रगति की गयी है। बैंक द्वारा गतवर्ष की तुलना में अंशपूंजी रू. 2.80 करोड, अमानत रू. 238.58 करोड, ऋण वितरण रू. 143.05 करोड, ऋण ग्रहण रू. 555.22 करोड, विनियोजन रू. 656.62 करोड, रू. कार्यशील पूंजी रू. 822.29 करोड, की वृद्धि की गयी है। सुनियोजित तरिके से समस्त संभव प्रयास कर बैंक के द्वारा कृषि एवं अकृषि कालातीत ऋणों की वसूली की जाकर एनपीए के स्तर को 2.85 प्रतिशत पर ला खडा किया गया है जो कि भारतीय रिर्जव बैंक के निर्धारित मापदण्ड 5 प्रतिशत से कम है। उन्होने उपरोक्तानुसार बैंक प्रगति हेतु बैंक प्रशासक एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग इंदौर श्री बीएल मकवाना कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन बताया तथा समस्त बैंक एवं समिति कर्मचारियों के द्वारा अनुशासित रूप से बैंक द्वारा दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्य करना बताया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन प्रदेश की अग्रणी सहकारी बैंक है जिसकी सर्वाधिक 69 शाखाए एवं 182 बहुउद्देषीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाऐं है। जिनके माध्यम से खरगोन एवं बडवानी जिले के पॉच लाख से अधिक किसानों एवं ग्राहकों को बैंकिंग की आधुनिक एवं त्वरित बैंकिंग सुविधाऐं उपलब्ध कराई जाती है। निकट भविष्य में आनलाईन केसीसी उपलब्ध कराये जाने की सुविधा भी बैंक द्वारा दी जावेगी। यह सुविधा देने वाली प्रदेश की एकमात्र सहकारी बैंक होगी। बैंक द्वारा इस वर्ष कृषि एवं अकृषि सावधिक ऋण उपलब्ध कराने हेतु भी अपना ध्यान केन्द्रित किया गया है अभी तक 5625 प्रकरणों में ऋण वितरण किया गया है। जिससे भविष्य में बैंक को कृषि ऋणों की तुलना में अधिक ब्याज की आमदनी होगी। सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत सहकारी संस्थाओं में सुपर मार्केट, पर्यटन होटल, पेट्रोल पंप, एलपीजी गैस ऐजेन्सी चलाये जाने हेतु धरातल पर बहुत ही तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है।

**मुनाफे से मजबुत बनायेगें बैंक**

नवीन बनने वाली बैंक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बडवानी हेतु आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बैंक भवन बडवानी में बनाया जावेगा। बैंक की शाखाओं को सुसज्जित साज-सज्जा कर ग्राहको के लिए अधिक सुविधाजनक बनायी जायेगी। वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा जमा राशि का आंकडा 500 करोड बढाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कालातीत कृषकों को शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का अधिकाधिक लाभ दिलाने एवं मुख्य धारा में लाने हेतु समस्त संभव प्रयास किए जायेगें। 500 करोड सावधिक कृषि एवं अकृषि ऋण वितरण किए जाने के लक्ष्य निर्धारित। 4000 करोड अल्पकालिन फसल ऋण वितरण किए जाने के लक्ष्य निर्धारित

# एसडीएम थांदला ने समग्र ई केवायसी कैम्प का निरीक्षण किया



## संतोष जनक प्रगति नहीं होने पर सचिव और रोजगार सहायक का वेतन काटने के दिए निर्देश

**हरीश पंचाल थांदला/झाबुआ - थांदला अनुभाग मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तरूण जैन के द्वारा थांदला जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों मे आयोजित समग्र ई केवायसी कैम्प का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत झारनी मे समग्र ई केवायसी की प्रगति मात्र 36 प्रतिशत होने एवं विगत 15 दिवस की मात्र 12 समग्र ई केवायसी की प्रगति एवं अपेक्षित प्रयास नहीं किये जाने के कारण असंतोष व्यक्त किया जाकर ग्राम पंचायत के प्रभारी सचिव दिलीप डामोर का 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये गये। इसी प्रकार ग्राम पंचायत झोसली के भ्रमण के दौरान समग्र ई केवायसी में प्रगति 15 दिवस मे मात्र 05 ई केवायसी की गई , प्रगति संतोष जनक नहीं होने एवं अपेक्षित प्रयास नहीं किये जाने के कारण ग्राम पंचायत सचिव सोनिया डामोर का 15 दिवस का वेतन एवं ग्राम रोजगार सहायक रतनसिंह डामोर का 07 दिवस का वेतन कटोत्रा करने के निर्देश दिये गये है। भ्रमण के दौरान जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेन्द्र बराडिया व पंचायत समन्वयक अधिकारी कलसिंह डामोर उपस्थित रहे।**

## कलेक्टर द्वारा आगामी त्यौहारों/पर्वो के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा एवं साम्प्रदायिक सद्भाव की स्थिति को बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया

*संजय जैन जिला ब्यूरो झाबुआ - आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए 18 अप्रैल2025 को गुड फ्रायडे, 30 अप्रैल 2025 को परशुराम जयन्ती एवं अक्षय तृतीया , 12 मई 2025 बुद्ध पूर्णिमा, 29 मई 2025 महाराणा प्रताप जयन्ती/छत्रसाल जयन्ती, 07 जून 2025 ईदुज्जुहा पर्व आदि अन्य त्यौहार मनायें जायेंगे। आगामी त्यौहारों/पर्वो के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा एवं साम्प्रदायिक सद्भाव की स्थिति को बनाये रखने के लिये असामाजिक तत्वों, अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों तथा निहित स्वार्थी तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए सम्पूर्ण जिला झाबुआ क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जाना लोकहित में समुचित होगा। पुलिस अधीक्षक जिला झाबुआ के पत्र द्वारा जिले में उक्त त्यौहार / पर्व में समाजजनों द्वारा रैली/जुलूस आदि निकाले जाते हैं अथवा किसी संगठन / आमजन द्वारा धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाता है, जिससे समाज में लोक परिशांति प्रभावित होती है एवं रैली/जूलूस के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर सम्मिलित हो जाते है। जिससे अप्रिय घटना घटित होने की प्रबल संभावना रहती है। अत: कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला झाबुआ नेहा मीना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (2) में प्रदत्त*



*शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया ~ झाबुआ जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में आपत्तिजनक साम्प्रदायिक और धार्मिक उन्माद फैलाने वाले गाने बजाने व सोशल मिडिया के संसाधन, फेसबुक, व्हाटसएप, ट्विटर, इंस्ट्राग्राम, इन्टरनेट आदि से ऑपत्तिजनक फोटो, कमेंट, चित्र पोस्ट करने अथवा अन्य आपत्तिजनक संदेश पोस्ट करना पूर्णत: प्रतिबंधित होगा । झाबुआ जिले की सीमा में किसी भी संगठन द्वारा कोई धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली का आयोजन किये जाने से पूर्व आवेदन क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। सभी कार्यक्रम के लिये आवेदन सक्षम पुलिस अधिकारी के अभिमत के साथ कम से कम 48 घण्टे पूर्व किया जाना तथा पुलिस अधिकारी के बिना आवेदन पत्र कम से कम 72 घंटे पूर्व प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। अनुमति प्राप्त करने वाले आयोजकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह पूरे कार्यक्रम/आयोजन की वीडियोग्राफी कराएगें। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं हिंसा रहित हो यह उत्तरदायित्व आयोजक संस्था का होगा। प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में ऐसे नारे/बैनर / पोस्टर का प्रयोग नहीं किया जायें, जिनसे किसी भी धर्म/वर्गों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। किसी भी कार्यक्रम के दौरान शस्त्र प्रदर्शन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा पाये जाने की दशा में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजक /आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाकर उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जावेगी। समस्त प्रकार के आयोजनों की अनुमति प्रशासनिक अधिकारियों से प्राप्त किया जाने के उपरांत ही आयोजन किया जावेगा। अनुमति प्राप्त नहीं होने पर किये जाने वाले आयोजनों को अवैधानिक घोषित करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जावें। चूंकि यह आदेश सर्व साधारण को संबोधित है, व व्यक्तिश: समस्त को तामिल किया जाना संभव नहीं होने से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एकपक्षीय पारित किया जाता है। उक्त आदेश 17 अप्रैल 2025 से 17 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा तथा उक्त प्रभावशील अवधि में आदेश का उल्लघंन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आवेगा।*

# विश्व हिंदू परिषद जिला जावरा द्वारा ज्ञापन देकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग की गई

**अनिल भरावा आलोट शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला जावरा द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ह्यस्त्रद्व कार्यालय जावरा पर ज्ञापन दिया गया। और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू हो की मांग की गई। सर्व विदित है कि मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल, 2025 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था। जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी। और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी। इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। इस उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया, सैकड़ो हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया व तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई। दर्जनों महिलाओं के शीलभंग भी किए गए। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। उनके पास जाकर उनकी चिंता एवं सहायता करने की अपेक्षा सुश्री ममता बनर्जी दंगा भड़काने वाले इमामो से मिल रही है। जिनमें से एक इमाम ने एक दिन पहले ही धमकी दी थी कि अगर ममता बनर्जी ने उनका साथ नहीं दिया तो वह उसकी औकात बता देंगे।卐 अब ये सारे तथ्य सामने आने पर यह समाचार मिल रहा है। कि ममता जी अब शरणार्थियों को सुविधा देने की जगह उनको वापस जेहादियों के सामने जबरन परोसने का षड्यंत्र कर रही है। आज की बंगाल की स्थिति से यह स्पष्ट है कि**

**1.ममता सरकार भारत के संघीय ढांचे को बंगाल में ध्वस्त कर अपनी सरकार और वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है।**

**2.बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ चुकी है। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को निर्बाध रूप से आने दिया जा रहा है। उनके आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। पाकिस्तानी तथा बांग्लादेशी**



**आतंकी संगठनों की सक्रियता बढ़ती जा रही है ।**

**3.हिंदुओं के प्रति हिंसा बढ़ती जा रही है और न्यायालय के आदेश पर ही हिंदू त्योहारों को अनुमति मिल पाती है । उनको सुरक्षा देने वाले अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाया जारहा है।**

**4. हिंदू का अस्तित्व खतरे में पड़ चुका है। कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है। तृणमूल के असामाजिक तत्व व जिहादी गुंडो के नियंत्रण व निर्देश पर ही प्रशासन काम करने के लिए विवश है।**

**आज यह हिंसा मुर्शिदाबाद से निकलकर संपूर्ण बंगाल में फैलती जा रही है। अब यह बंगाल तक भी सीमित नहीं रहेगी। इसलिए विहिप ओर देश की जनता मांग करती है कि-**

**1. बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए ।**

**2. बंगाल की हिंसा की जांच हृद्ध के द्वारा करवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए ।**

**3. बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए।**

**4. बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए। जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था।हमें विश्वास है की राष्ट्र की सर्वभौमिक्ता और साम्प्रदायिक सदभाव बनाये रखने के लिए आप अविलम्ब और त्वरित कार्यवाही करेंगी। ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद रतलाम विभाग संगठन मंत्री अर्जुन गहलोत, विभाग सह संयोजक राधेश्याम आंजना, जिला अध्यक्ष श्रीपाल दसेडा और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला, प्रखंड, खंड और ग्राम समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी जिला मंत्री तूफान सिंह यादव ने दी।**

संपादकीय

## सोनिया-राहुल के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने में क्यों हुई देर?

**यहां से राजनीति नई करवट ले सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) मामले में जो आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया है, उसमें सोनिया गांधी को पहला और राहुल गांधी को दूसरा आरोपी बनाया गया है। गांधी परिवार के खिलाफ यह पहला आरोप-पत्र है। मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज दोनों दिवंगत नेता हैं, फिर भी ईडी ने उन्हें आरोपी बनाया है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन शुरू किए हैं। धनशोधन कानून के मुताबिक, गांधी परिवार के नेताओं पर सजा की तलवार लटकी है, लेकिन दोनों नेता दिसंबर, 2015 से जमानत पर हैं। वह निर्णय भी विशेष अदालत का था। जब तक अदालत नया गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं करती, तब तक जमानत पर तत्काल संकट नहीं है।**

यहां से राजनीति नई करवट ले सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) मामले में जो आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया है, उसमें सोनिया गांधी को पहला और राहुल गांधी को दूसरा आरोपी बनाया गया है। गांधी परिवार के खिलाफ यह पहला आरोप-पत्र है। मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज दोनों दिवंगत नेता हैं, फिर भी ईडी ने उन्हें आरोपी बनाया है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन शुरू किए हैं। धनशोधन कानून के मुताबिक, गांधी परिवार के नेताओं पर सजा की तलवार लटकी है, लेकिन दोनों नेता दिसंबर, 2015 से जमानत पर हैं। वह निर्णय भी विशेष अदालत का था। जब तक अदालत नया गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं करती, तब तक जमानत पर तत्काल संकट नहीं है। भविष्य में अदालत के फैसलों के आधार पर इसमें परिवर्तन संभव है। इसके अलावा, ईडी जुलाई, 2022 में लगातार तीन दिनों में 11 घंटे सोनिया गांधी और लगातार 5 दिनों में करीब 50 घंटे तक राहुल गांधी से सघन पूछताछ कर चुका है, लिहाजा आरोप-पत्र दाखिल करने और अदालत के संज्ञान लेने के बाद गांधी नेताओं की गिरफ्तारी संभव और प्रासंगिक नहीं लगती। अलबत्ता आरोप-पत्र में 'अपराध से अर्जित आय' 988 करोड़ रुपए मानी गई है। संबद्ध संपत्तियों का बाजार मूल्य करीब 5000 करोड़ रुपए आंका गया है। आरोप एजेएल की 2000 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कब्जे के लिए उसका अधिग्रहण, निजी कंपनी 'यंग इंडियन' के जरिये, मात्र 50 लाख रुपए में किए जाने का भी है। ईडी ने पीएमएलए की धारा 4 के तहत सजा भी मांगी है। इसमें 7 साल तक की जेल का प्रावधान है। यदि 25 अप्रैल को विशेष अदालत के न्यायाधीश इस आरोप-पत्र पर संज्ञान लेते हैं, तो उस दिन और ट्रायल के दौरान सोनिया-राहुल गांधी को अदालत में उपस्थित रहना होगा। बहरहाल इस मामले के तमाम ब्यौरे देश के सामने हैं। 2012 में डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने अदालत में याचिका दी थी। तब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। सवाल है कि करीब 13 साल के बाद एक आरोप-पत्र दाखिल क्यों किया गया? सघन पूछताछ के भी तीन साल गुजर चुके हैं, लिहाजा ऐसे अतिविशिष्ट मामले में जांच एजेंसियां इतनी लेट-लतीफी क्यों करती हैं? हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर और नायब सिंह सैनी की 2014 से सरकार है। तब खूब शोर मचाया जाता था कि गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। ईडी ने 15 अप्रैल को उनसे भी 6 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। वाड्रा आज भी स्वतंत्र हैं। दरअसल कुछ सवाल ईडी की जांच की विश्वसनीयता और उसकी सजा-दर पर भी किए जा सकते हैं। करीब 96 फीसदी मामले विपक्षी नेताओं के ही खिलाफ क्यों दर्ज किए जाते हैं? गौरतलब यह है कि अशोक चव्हाण, नारायण राणे (दोनों महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री) सहित अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, हिमंता बिस्व सरमा, सुवेन्दु अधिकारी, नवीन जिन्दल सरीखे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, जो कभी गैर-भाजपा दलों में रहे और विभिन्न घोटालों में आरोपी हुए, लेकिन वे 'भाजपाई' हैं,

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर



**आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे।**

आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा।

यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है।

कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चचाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फामूर्ला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे ह्यहिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओंह्ल की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु यात्रा में जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए, जबकि यह एक सामान्य शिष्टाचार होता है कि प्रधानमंत्री प्रांत में आये तो मुख्यमंत्री उनका स्वागत करें। लेकिन ऐसा न करके स्टालिन ने यह जताया कि डीएमके भाजपा विरोध के साथ-साथ केंद्र से टकराव की राजनीति पर है।

# शराब ठेका देने ओर अवैध शराब पकड़ने की जवाबदारी आबकारी विभाग की ओर जवाबदारी निभा रहा पुलिस विभाग....




















**आबकारी विभाग के द्वारा कार्यवाही न होना संदेह के घेरे में**

**अलीराजपुर जिले में कौन सप्लाय कर रहा रोजाना लाखो की अवैध शराब.... अप्रैल 25 में अवैध शराब न पकड़ने में आबकारी विभाग की असफलता या निष्क्रियता क्या माने**

**संघर्ष से सिद्धि की अवैध शराब को लेकर खास खबर** अलीराजपुर जिले में बीते 1 अप्रैल 2025 से लेकर 17 अप्रैल 2025 तक अनेक ब्रांड की अवैध शराब बियर ओर वाहन पुलिस विभाग द्वारा करोड़ से भी अधिक के पकड़े ..... लेकिन... **आबकारी विभाग का कार्य शराब का ठेका देना ओर अवैध शराब को पकड़ना है लेकिन जिले का आबकारी विभाग भीषण गर्मी में शायद आराम फरमा रहा ओर जिले का पुलिस महकमा लगातार अवैध शराब पकड़ रही ....पकड़ी गई शराब का विवरण प्रकरण** 1 थाना प्रभारी कट्ठीवाड़ा निरीक्षक सरदारसिंह को दिनांक 02.02.2025 को ग्राम मोटीबडोई पुजारा फलिया मे बने सुने मकान की तलाशी मे बडी मात्रा मे अवैधरूप से अलग-अलग कंपनी की शराब संगृहित कर रखा होना पाया गया, जिसमें रीटज की 135 पेटीयां, गोवा होल की 58 पेटीयां, गोवा व्हीस्की 108 पेटी, रायल सिलेक्ट लेमन जीन की 210 पेटीयां, किंग फिशर एक्सटा स्टांग की 66 पेटीयां एवं माउण्टस बीयर की 41 पेटीयां संगृहित कर छुपाकर रखी हुई थी, जिसे मौके से पुलिस टीम के द्वारा जप्त कर धारा 34-2 आबकारी एक्ट का अपराध क्रमांक 28/2025 पंजीबद्ध किया गया। कुल 5720 लीटर कीमती 20 लाख 52 हजार की जप्त शराब के स्त्रोत के संबंध में कटिठवाडा पुलिस के द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।

**प्रकरण 2** दिनांक 03.04.2025 को थाना प्रभारी आजादनगर निरीक्षक शिवराम तरोले को वाहन की तलाशी ली गई। वाहन की तलाशी के दौरान कार मे माउण्टस कंपनी की बीयर की 13 पेटियों भरी हुई पायी गई, जिसके संबंध मे वाहन चालक हुसैन पिता अनीस बोहरा उम्र 28 साल व कार मे सवार एक अन्य मोहम्मद पिता अब्दुल हुसैन 35 साल निवासीगण 101 नुरबाग मोहम्मदी थाना दाहोद जिला दाहोद गुजरात का होना बताया।दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन व शराब को कब्जे मे लेकर थानें लाया गया तथा वाहन क्रमांक जीजे 35 एच 8309 किमती 10 लाख रुपये व शराब कीमती 40560 रूपये की विधिवत जप्त की है।

**प्रकरण 3** थाना आजादनगर क्षैत्रान्तर्गत दिनांक 05.04.2025 को थाना प्रभारी आजादनगर निरीक्षक शिवराम तरोले ग्राम बड़ीपोल मातादरा फलिया आरोपी राजु बामनिया के मकान में दबिश देकर घर के अंदर किंग फिशर बीयर 129 पेटी, लंदन वोदका 02 पेटी, लंदन व्हिस्की 06 पेटी, मेकडावल 06 पेटी व बेग पाईपर व्हिस्की 35 पेटी इस प्रकार कुल 178 पेटी मात्रा 1971.36 बल्क लीटर किमती 906000 रुपये कि आरोपी राजु पिता कालिया जाति बामनिया उम्र 35 साल निवासी बड़ीपोल मातादरा फलिया के द्वारा अवैधरूप से संगृहित करके रखी हुई थी, जिस पर आरोपी राजु पिता कालिया को गिरफ्तार कर अवैध शराब को विधिवत जप्त की गई।

**प्रकरण 4 एवं 5** दिनांक 07.04.2025 को थाना प्रभारी आजादनगर निरीक्षक शिवराम तरोले को ग्राम खेरियामाली तडवी फलिया निवासी ईश्वर पिता कलीम के मकान में अवैधरूप से शराब घर के अंदर से माउंट-600 कंपनी की बीयर की 100 पेटीयां, जिसमें 1200 बल्क लीटर किमती 3,12,000 रुपये कि आरोपी ईश्वर पिता कलीम, निवासी ग्राम खेरियामाली तडवी फलिया से अवैध शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण अनुसंधान मे लिया गया। दिनांक 08.04.2025 को थाना प्रभारी आजादनगर श्री तरोले को ग्राम बेहडवा के अशोक प्रजापति से अवैध शराब परिवहन की सूचना प्राप्त होनें पर अशोक प्रजापति की दुकान पर उसके घर के सामने खडी इण्डिको वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें 27 पेटी गोवा कंपनी की कुल 243 बल्क लीटर कीमती 1,55,250/-रूपये की होना पाई गई, जिस पर आजादनगर पुलिस टीम के द्वारा इण्डिका कार मे रखी अवैध शराब सहित आरोपी आशोक प्रजापत को गिरफतार कर अपराध क्रमांक 128/2025, धारा 34(2),36, 46 आब. एक्ट का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

**प्रकरण 6** थाना उदयगढ क्षैत्रान्तर्गत दिनांक 08.04.2025 को थाना प्रभारी उदयगढ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे ग्राम उमेरी निवासी वागु पिता जोतसिंह 44 साल, भील के यहां अवैधरूप से शराब छुपा कर रखी त्रिपाल के निचे माउण्ट कम्पनी सुपर स्ट्रांग बियर 6000 की पेटिया रखी हुई पाई गई। पेटियो की गिनती करते कुल 102 पेटिया कुल मात्रा 1224 बल्क लीटर शराब, जिसकी कुल किमत 2,44,800 रुपये है को जप्त कर आरोपी वागु पिता जोतसिंह भील को गिरफतार कर उसके विरूद्ध धारा 34(2),36 आबकारी अधिनियम का पाया जाने से अपराध क्रमांक 82/2025 का पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया है।

**प्रकरण 7 एवं 8** दिनांक 09.04.2025 को थाना प्रभारी सोरवा निरीक्षक दिनेश भंवर ने ग्राम अंधारकांच निवासी दिनेश पिता कांजी के घर के पीछे मक्का की सुखे चारे मे अवैधरूप से शराब छुपा कर रखी है, आरोपी दिनेश पिता कांजी कनेश 28 साल, निवसी ग्राम अंधारकांच का होना बताया पुलिस टीम के द्वारा 355 बल्क लीटर किमती 2,44,380 रुपये कि आरोपी दिनेश पिता कांजी कनेश 28 साल, निवसी ग्राम अंधारकांच के द्वारा अवैधरूप से घर में संगृहित करके रखी हुई थी, जिस पर अवैध शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र.51/2025 धारा 34(2),36 आब. एक्ट का पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण अनुसंधान मे लिया गया। इसी प्रकार थाना आजादनगर क्षैत्रान्तर्गत एक अन्य प्रकरण में दिनांक 10.04.2025 को को थाना प्रभारी आजादनगर निरीक्षक शिवराम तरोले ने काली स्कार्पियो वाहन से ग्राम कुक्षी मे वाहन क्रमांक जीजे 12 जे 5805 से 10 पेटी माउण्टस बीयर कुल 120 बल्क लीटर कीमती रूपये 26400/- एवं स्कार्पियों वाहन कीमती 5 लाख रूपये का जप्त कर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध क्र.131/2025 धारा 34(2),46 आब. एक्ट का पंजीबध्द कर प्रकरण अनुसंधान मे लिया गया।

**प्रकरण 9** दिनांक 13.04.2025 को थाना प्रभारी चांदपुर ने वाहन मे सवार दोनों व्यक्तियों को उतारकर मैक्स वाहन क्रमांक जीजे 07 एन 5548 की तलाशी लेनें पर वाहन मे गोवा व्हीस्की की 50 शराब पेटीयां 450 बल्क लीटर कीमती 3,37,500 रूपये की होना पाई गई। पुलिस टीम के द्वारा मैक्स वाहन कीमती 5 लाख रूपये एवं अवैध शराब जप्त करते हुये वाहन चालक दिनेश पिता जुवानसिंह मण्डलोई 30 वर्ष, तथा वाहन चालक के साथी कालू पिता डूडला सिंगाड 45 साल, निवासी दीपा की चौकी को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर थाना चांदपुर मे अपराध क्रमांक 54/2025, धारा 34(2),36, 46 आब. एक्ट का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

**प्रकरण 10** दिनांक 17.04.2025 की शाम थाना प्रभारी जोबट निरीक्षक विजय वास्कले को कस्बा/देहात भ्रमण के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बाग रोड जिला धार तरफ से जोबट की ओर अवैध शराब परिवहन संबंधी वाहन आ रहा है, वाहन की घेराबंदी हेतु नाकेबंदी की गई ओर ऑयशर वाहन क्रमांक स्ब09ष्क8603 को रोककर वाहन चालक का नाम/पता पूछते अपना नाम संजय पिता सोहन पंवार 27 साल, निवासी 122 मेढकवास, देपालपुर जिला इंदौर का होना बताया। ऑयशर वाहन मय अवैध शराब के अपने कब्जे मे लेते हुये आरोपी को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर थाना जोबट लाया गया व वाहन से पेटीयां उतारकर गिनती की गई। ऑयशर वाहन क्रमांक MP09DP8603 मे 1500 पेटी गोवा व्हिस्की 13500 लीटर कीमती 85 लाख 25 हजार एवं अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन कीमती 25 लाख रूपये का विधिवत जप्त करते हुये, वाहन चालक संजय पिता सोहन पंवार 27 साल, निवासी 122 मेढकवास, देपालपुर जिला इंदौर को गिरफ्तार कर थाना जोबट मे अपराध क्रमांक 138/2025, धारा 34(2),36, 46 आब. एक्ट का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन में जिले के पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न दिनांकों में जिले में 10 जगह से अवैध शराब,वाहन,ओर आरोपित की गिरफ्तारी कर उल्लेखनीय कार्य किया है । उल्लेखित सभी प्रकरण में मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब की कार्यवाही हुई है जिसका पुलिस के प्रेस नोट में उल्लेख है। पुलिस की जिले के चारों ओर चौकी ओर थाना स्थापित है और उनका मुखबिर तंत्र मजबूत है तभी अप्रैल माह के 17 दिन में 10 प्रकरण अवैध शराब के बने ओर 10 जगह पर से अवैध शराब घर ओर वाहनों से करोड़ों की जब्त हुई । पिछले वर्षों में भी करोड़ों की शराब पुलिस अलीराजपुर ने पकड़ी है । जिले का आबकारी विभाग अप्रैल 2025 में समाचार लिखने तक अवैध शराब के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर पाया जबकि अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने की प्रमुख जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है जिले में आबकारी विभाग का पर्याप्त स्टाफ होने के बाद भी अवैध शराब के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होना संदेह उत्पन्न करती है और निष्क्रियता दर्शा रही है। अलीराजपुर जिले में अवैध शराब धड़ल्ले से सप्लाय ट्रकों बंद हो रही है शराब परिवहन करने वाले शराब माफियाओ में कोई खौफ नहीं है इतनी कार्यवाही होने के बावजूद भी अवैध शराब का परिवहन हो रहा ओर ग्रामीण क्षेत्रों में शराब सप्लाय की जा रही है.... आबकारी विभाग के पास मुखबिर तंत्र नहीं है तभी तो कोई खबर नहीं मिलती तो क्या आबकारी विभाग बगैर मुखबिर के अवैध शराब पकड़ने में सक्षम नहीं है क्या....मुख्यमंत्री जी को संज्ञान लेकर अलीराजपुर जिले में लगातार हो रहे अवैध शराब परिवहन के खिलाफ सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित करते हुए अलीराजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ओर अन्य अधिकारियों ओर कर्मचारियों को उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पुरस्कृत करना चाहिए जिन्होंने करोड़ों की अवैध शराब ओर वाहन जब्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## एयरटेल कंपनी अपने स्वार्थ में हरे भरे वृक्षों को कर रही है जमींदोज

**जिला प्रशासन दे ध्यान क्षेत्र की जनता में आक्रोश**

**( विनोद सांवला हरवार )**

हरवार।नीमच जिले के जीरन तहसील क्षेत्र के फोफलिया सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र जाट ने बताया कि क्षेत्र में सड़क के किनारे एयरटेल कंपनी हरे भरे वृक्ष काटने में लगी हुई है एक तरफ बीजेपी सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं और एक तरफ एयरटेल कंपनी के द्वारा अनगिनत वृक्षों को जमीन दोष किया जा रहा है फोफलिया पंचायत के पर्यावरण प्रेमियों में वृक्ष काटे



जाने से आक्रोश है पंचायत क्षेत्र में एयरटेल कंपनी लाइन डाली जा रही है जिसमें पंचायत द्वारा नीम के वृक्षों लगाया गया था 10 से 15 साल पूर्व में पंचायत द्वारा लगाए गए पौधों को एयरटेल कंपनी द्वारा जमींदोज किया जा रहा है। जबकि उन्हें थोड़ा साइड से लेकर वृक्षों को बचाया भी जा सकता है परंतु



ठेकेदार अपने मनमानी कर वृक्षों को काट जा रहा है सरपंच प्रतिनिधि जाट कलेक्टर साहब एवं से विधायक महोदय से इस और ध्यान देने का आग्रह किया है। पर्यावरण को बचाने के लिए जनता का आक्रोश प्रशासन को झेलना पड़ सकता है संबंधित उच्च अधिकारी इस और ध्यान दें।

## राम जानकी मंदिर में ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई

**राकेश दुबे रिपोर्टर बरेली।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती मनाने का निर्णय ब्राह्मण समाज के द्वारा लिया गया है इस वर्ष जयंती के उपलक्ष में भव्य आयोजन संपन्न करने के लिए युवा ब्राह्मण महा परिषद के द्वारा रामलीला मैदान पर स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में युवा ब्राह्मण परिषद के द्वारा सर्वप्रथम भगवान की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात बैठक आयोजित की गई बैठक में इस वर्ष भगवान परशुराम जयंती मनाने के संबंध में सभी ने अपने-अपने विचार रखें। इस वर्ष



भगवान परशुराम जयंती में शामिल होने के लिए समाज के द्वारा गांव गांव जाकर आमंत्रण दिए जाएंगे। युवा ब्राह्मण महा परिषद बरेली के तत्वाधान में विप्र समाज द्वारा निर्णय लिया गया कि भगवान की जयंती पर विशाल शोभा यात्रा एवं धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा इस शोभा यात्रा में क्षेत्र के साधु संतों सहित क्षेत्र के समस्त विप्र समाज की सहभागिता होगी ।

# शंकर रेस्टोरेंट परिवार ने नाश्ता दूसरी जगह करने पर की मारपीट तीन लोग हुए चोटिल

## पेटलावद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में दर्ज की एफ आई आर

**संजय जैन जिला ब्यूरो** झाबुआ– पेटलावद में शंकर रेस्टोरेंट के मालिक ओर परिवार के लोगों ने एक मत होकर केवल नाश्ता नहीं करने की बात पर कुशलगढ़ राजस्थान से इंदौर जा रहे लोगों के साथ प्लायर इत्यादि से मारपीट की जिससे तीन लोग चोटिल हुए जिसकी मेडिकल पश्चात थाना पेटलावद में विभिन्न धाराओं में एफ आई आर दर्ज हुई।यह है मामला एफ आई आर की कहानी– पंकज पिता रमेश चंद्र सोनी हाल मुकाम नेहरू मार्ग कुशलगढ़ बांसवाड़ा सुबह 8 बजे कुशलगढ़ से इंदौर जाते समय नाश्ता करने पेटलावद में अपने दोस्तों अजय पिता रमेश पंचाल ,चेतन पिता दिनेश प्रजापत निवासी पोटलिया मार्ग कुशलगढ़ के साथ कृष्णा रेस्टोरेंट के पास अपना वाहन खड़ा कर नाश्ता करने गए वापस लौटते समय हमारी गाड़ी के पास शंकर रेस्टोरेंट के मालिक रविकांत,मुकेश ओर शंकर परमार आए और कहने लगे कि तुमने गाड़ी यहा क्यों खड़ी की ओर नंगी नंगी गालियां देने लगे हमने उनको गालियां देने से मना किया तो बोले गाड़ी हमारी दुकान के सामने खड़ी करते हो और नाश्ता दूसरी दुकान पर करने जाते हो कहकर मुकेश



परमार ने प्लायर से अजय पंचाल के सर वार कर दिया में पंकज सोनी बीच बचाव करने गया तो मुकेश परमार ने मेरे पीछे सर पर मारी चोट लगी इतने में शंकर परमार की पत्नी आ गई रविकांत परमार ने लकड़ी से मेरे दोस्त अजय को मारी जिसके बाएं कंधे पर चोट आई रविकांत ने मुझ पंकज सोनी को लकड़ी से मारा जिससे मेरे उलटे पैर ओर दाहिने हाथ पर चोट लगी शंकर ओर उसकी पत्नी ने मेरे पंकज ओर अजय के साथ थप्पड़ ओर मुक्का से मारपीट की ओर बीच बचाव करने आए मेरे दोस्त चेतन के साथ भी झूमझटकी ओर बोले आज के बाद हमारी दुकान के सामने गाड़ी दिन गाड़ी खड़ी की तो जान से मार देंगे और जान से मारने की धमकी दी । मेरे दोस्त अजय ओर चेतन की कुशलगढ़ में ऑटो पार्ट्स की दुकान है और मेरा भी कांच का काम है हमको इंदौर आना जाना पड़ता है और पेटलावद में श्रद्धांजलि चौक कानवन रोड पर नाश्ता करने रुकते है और हम इनको पहचानते है हमारे साथ मारपीट हुई जिसकी रिपोर्ट पेटलावद थाने पर लिखाने आए यह एफ आई आर में दर्ज है। पेटलावद पुलिस ने ब्क्हस् की धारा 296,115(2), 351(2)3(5) में एफ आई आर दर्ज की है। शंकर रेस्टोरेंट देर रात तक खुला रहता इसको भी पहले पूर्व में पदस्थ रहे थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने ही इस शंकर रेस्टोरेंट के देर रात तक खुला रहने को बंद करवाया था। पास ही अस्पताल होने के कारण यह देर रात तक रेस्टोरेंट खुला रहता है और इस कारण इसको कोई बंद नहीं करवाता । इस घटना की जानकारी लेने हेतु थाना प्रभारी दिनेश शर्मा को फोन लगाया तो बताया कि रेस्टोरेंट वाले की गलती है मुकदमा दर्ज कर लिया है मेडिकल ओर एक्सरे रिपोट आने के बाद धराए घट बढ़ सकती है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी समाचार लिखने तक नहीं हुई थी।

# मंदसौर पुलिस थाना वाय डी नगर द्वारा 03 नाबालिग बालिकाओं को किया 03 घंटे में सकुशल दस्तयाब

डेस्क मंदसौर - पुलिस अधीक्षक मंदसौर अभिषेक आनंद के निर्देश पर संदीपसिंह मँगोलिया थाना प्रभारी थाना वायडी नगर के नेतृत्व मे 03 नाबालिग बालिका को किया गया दस्तयाब

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 17.04.2025 को 03 पृथक-पृथक सूचनाकर्ता निवासी गुराडिया देदा मन्दसौर ने अपनी ङ्क अपनी नाबालिग बालिकाओ के अपहरण होने की सूचना थाने पर दी, जिस पर से थाना वाय.डी.नगर मंदसौर पर अपराध क्रमांक 149/25, 150/25 तथा 151/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया ।एक साथ एक ही समाज की 03 बालिकाओ का अपहरण होना एक संदेहास्पद घटना थी जिससे गाँव के सभी लोग भयभीत थे । घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारीगण भी परिजनो से रूबरू होकर थाना प्रभारी सन्दीप मंगोलिया के द्वारा थाना स्तर पर उनि कपिल सौराष्ट्रीय एवं उनि विनय बुन्देला के नेतृत्व मे 02 टीमो का गठन किया गया । पुलिस टीमो के द्वारा तकनीकी माध्यम एवं सायबर सेल की मदद से बालिकाओ को खोजने का कार्य प्रारंभ किया गया जो एक टीम के द्वारा घटना स्थल के आस पास, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, कन्ट्रोल रूम आदि जगहो पर लगे सी.सी.टी.व्ही.कैमरो को खंगाला गया तथा मिली जानकारी अनुसार द्वितीय टीम को मनासा जिला नीमच बालिकाओ की तलाश हेतु रवाना किया गया जो वरिष्ठ अधिकारीगण का लगातार कुशल मार्गदर्शन, पुलिस एवं आम जन की सतर्कता एवं थाना प्रभारी मनासा शिव कुमार रघुवंशी व उनकी टीम के सहयोग से त्वरित कार्यवाही कर तीनो नाबालिग बालिकाओ को 03 घण्टे में मनासा जिला नीमच से सकुशल दस्तयाब किया गया तथा परिजनो के सुपूर्द किया गया । बालिकाओ की सकुशल दस्तयाबी से परिजनो के द्वारा वरिष्ठ अधिकारीगणो का आभार व्यक्त किया गया ।

सराहनिय कार्यः- निरीक्षक सँदीपसिंह मँगोलिया थाना प्रभारी वायडीनगर निरीक्षक शिवकुमार रंघुवंशी थाना प्रभारी मनासा जिला नीमच, उनि कपिल सौराष्ट्रीय, उनि विनय बुन्देला, उनि धर्मेश यादव, सउनि मोहन सिंगार, सउनि प्रदीप मिश्रा, सउनि विक्रम वासकले, प्र.आर. दिनेश धाकड, प्र.आर.आशीष बैरागी (सायबर सेल मन्दसौर), प्र.आर. आशीष शुक्ला, आर. भूपेन्द्रसिंह, दीपक मीणा, लक्ष्मण भाटी, बाबुलाल एवं थाना वायडी नगर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# पुलिस ने 9 जुआरियों को जुंआ खेलते पकड़ा

## 14,040 रुपए व ताश जब्त एक आरोपी फरार

**उपेन्द्र पाटोदिया** रतलाम- पुलिस ने बीती रात हॉट रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए हुए के अड्डे पर डॉबीज दी कार्रवाई के दौरान नौ लोगों को पकड़ा है वही एक आरोपी फरार हो गया है जारी की कब्जे से पुलिस ने ?14000 से अधिक की राशि और ताश पत्ती जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिली कि हाट रोड पर अस्सु उर्फ असलम के घर की छत पर बैठकर कुछ लोग दो अलग अलग घेरा बनाकर ताश पत्तो से जुआ खेलकर अवैध लाभ कमा रहे है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जुआ खेलने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से 14040 रुपए व ताश पत्ती जब्त की गईवहीं एक आरोपी असलम फरार है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध क्रमांक-297/2025, धारा-13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**गिरफ्तार आरोपी** मंजुर पिता स्व.अमीनुद्दीन शाह उम्र 54 वर्ष निवासी मदीना कालोनी थाना माणकचौक रतलाम रमजानी पिता रसीद खलीफा उम्र 28 वर्ष निवासी वीरियाखेडी मैन रोड थाना ओ.क्षेत्र रतलाम सगीर पिता गुलाम मोहम्मद अंसारी उम्र 64 वर्ष निवासी मदिना कालोनी थाना माणकचौक रतला अब्दुल कादर पिता अब्दुल हनीफ जाति पठान उम्र 50 वर्ष निवासी छोटु बादशाह के पास, सुभाष नगर रतलाम समीर पिता रसीद खलीफा उम्र 24 वर्ष निवासी विरियाखेडी थाना ओ.क्षेत्र रतलाम जावेद पिता अफसार खान उम्र 24 वर्ष निवासी वीरियाखेडी थाना ओ.क्षेत्र रतलाम शब्बीर पिता सलीम मोहम्मद उम्र 30 वर्ष निवासी शहर सराय आबकारी चौराह थाना दीनदयाल नगर रतलाम रहीम पिता मो.समी पठान उम्र 52 वर्ष निवासी शेरानीपुरा रतलाम थाना स्टेशन रोड रतलाम सागीर पिता मुबारिक शाह उम्र 37 वर्ष निवासी मदिना कालोनी थाना माणकचौक रतलाम हैं।

**फरार आरोपी** अस्सु उर्फ असलम पिता अब्दुल रसीद निवासी हाट रोड थाना दीनदयाल नगर रतलाम।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका** आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक रविन्द्र कुमार डण्डोतिया, उप निरीक्षक मुकेश सस्तिया, प्रधान आरक्षक हेमेन्द्र सिंह, नारायण जादौन, आरक्षक संजय कुशवाह, सूर्यप्रसाद, सोनू सूर्यवंशी, सैनीक मोहसिन खान की सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर नेहा मीना को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024

## सिविल सेवा दिवस के अवसर पर 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत

संजय जैन जिला ब्यूरो झाबुआ - कलेक्टर नेहा मीना को राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 21 अप्रैल 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 से पुरस्कृत किया जाएगा। कलेक्टर नेहा मीना को Prime MinisterÓs Awards for E&cellence in Public Administration- w®wy की ÒAspirational Blocks ProgrammeÓ कैटेगरी के अन्तर्गत अवार्ड दिया जाएगा। वर्ष 2024 का लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार देशभर से चयनित 16 सिविल सेवकों को दिया जाएगा। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक्सपर्ट कमेटी द्वारा 4 अप्रैल 2025 को सम्पन्न इंटरव्यू के उपरान्त कलेक्टर नेहा मीना को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया ।



आपको बता दे कि भारत सरकार द्वारा देश भर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को अभिस्वीकृत करने, मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2024 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की योजना का उद्देश्य तीन श्रेणियों में सिविल सेवकों के योगदान को मान्यता देना है- श्रेणी 1= 11 प्राथमिकता वाले क्षेत्र कार्यक्रमों के तहत जिलों का समग्र विकास। इस श्रेणी के तहत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। श्रेणी 2= आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम। इस श्रेणी के अंतर्गत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। श्रेणी 3: केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों, जिलों के लिए नवाचार। इस श्रेणी के अंतर्गत 6 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के चयन के लिए आवेदनों का मूल्यांकन 5 चरणों में किया जाता है। जिसमें -

(i)अपर सचिवों की अध्यक्षता वाली स्क्रीनिंग समिति द्वारा आवेदनों का चिन्हांकन किया जाता है

(ii) अपर सचिवों की अध्यक्षता वाली छानबीन समिति द्वारा जिलों/संगठनों के आवेदकों का प्रेजेंटेशन के मूल्यांकन के माध्यम से लघु सूचीबद्ध किया जाता है

(iii) सचिव, डीएआरपीजी की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाता है

(iv) कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली एक्सपर्ट कमेटी द्वारा आवेदकों के इंटरव्यू के उपरान्त पुरस्कारों के लिए सूची को अंतिम रूप दिया जाता है।

(v) पुरस्कारों के लिए एक्सपर्ट कमेटी की सिफारिशों पर बनी सूची पर प्रधानमंत्री की मंजूरी ली जाती है। मंजूरी उपरांत अवार्ड लेने वाले अधिकारियों की सूची अंतिम की जाती है।

प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 में-(द्व) ट्रॉफी, (द्वद्व) स्क्रॉल और (द्वद्वद्व) पुरस्कृत जिले/संगठन को 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिसका उपयोग परियोजना/कार्यक्रम के कार्यान्वयन या लोक कल्याण के किसी भी क्षेत्र में संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

# सऊदी ग्रां प्री से पहले लुईस हैमिल्टन ने फेरारी को लेकर दिया बयान

## कहा- टीम पर सबसे ज्यादा रहती है निगाहें

जेद्दाह,। सात बार के फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने सऊदी अरब ग्रां प्री से पहले फेरारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फेरारी को अक्सर क्राइसिस टीम कहकर बुलाया जाता है और लोग इसकी मुश्किलों को यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। हैमिल्टन इस सीज़न में फेरारी टीम के साथ दौड़ रहे हैं और उन्होंने टीम की ताकत और जुनून की भी तारीफ की। फेरारी इतिहास की सबसे बड़ी टीम, इसलिए यादा चर्चा होती है हैमिल्टन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एक तरह से ये उम्मीद की ही जाती है। फेरारी फॉर्मूला 1 इतिहास की सबसे महान टीम है। ज़ाहिर है, इसके बारे में यादा स्टोरीज़ लिखी जाती हैं और लोग अपनी-अपनी राय देते हैं। सब कुछ हमेशा सुचारू नहीं रहा है। उन्होंने आगे कहा, इस टीम में कई शानदार चीज़ें हैं। हम इसके अंदर की ऊर्जा और जुनून को संभालना चाहते हैं। साथ ही इसे सुरक्षित भी रखना ज़रूरी है, क्योंकि इस टीम पर बाकी टीमों के मुकाबले ज़्यादा ध्यान रहता है। जेद्दाह सर्किट हैमिल्टन का फेवरेट ट्रैक हैमिल्टन ने जेद्दाह कॉर्निश सर्किट को अपना पसंदीदा ट्रैक बताया। हालांकि, इस ट्रैक को इसकी संकरी लेआउट और हाई-स्पीड कॉर्नर्स की वजह से खतरनाक भी माना जाता है। हैमिल्टन ने कहा, मुझे ये ट्रैक बेहद पसंद है। ये बहुत तेज़ है और ड्राइवरों के लिए काफ़ी




चुनौतीपूर्ण भी। गर्मी, तापमान, हाई-स्पीड कॉर्नर्स में जी-फोर्स और तेज़ी से बदलते हालात इसे और मुश्किल बनाते हैं। इसे शब्दों में बयान कर पाना आसान नहीं। रेस में वन-स्टॉप स्ट्रेटेजी का दबदबा हैमिल्टन ने सर्किट की सतह को काफ़ी स्मूद बताया और कहा कि ज्यादातर रेस में वन-स्टॉप स्ट्रेटेजी ही देखने को मिली है। हालांकि, अगर तापमान बढ़ता है तो टीमें दो पिट-स्टॉप करने पर मजबूर हो सकती हैं, जिससे रेस और रोमांचक बन सकती है। शंघाई में पहली जीत, लेकिन अभी लंबा सफर हैमिल्टन ने हाल ही में शंघाई स्प्रिंट रेस में अपनी पहली जीत दर्ज की है, लेकिन रविवार को हुई मेन रेस में बहरैन में वो पांचवें स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। मीडियम टायर पर कार का प्रदर्शन बेहतरीन था, लेकिन सेफ्टी कार की एंट्री ने टीम की रणनीति बिगाड़ दी और हार्ड टायर लगाने पड़े, जिससे वो पोडियम की रेस में पिछड़ गए। नई कार में स्टाइल एडजस्ट करना चुनौतीपूर्ण हैमिल्टन ने कहा कि बहरीन में कार का अनुभव सकारात्मक रहा, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आगे की रेस में उसी तरह का प्रदर्शन दोहराया जा सकेगा। उन्होंने कहा, हर बार कार में बैठने पर पुरानी ड्राइविंग स्टाइल पर लौटना आसान होता है। लेकिन मैं कोशिश कर रहा हूं कि लगातार नई स्टाइल को अपनाता रहूं।

# आईपीएल 2025 : गुजरात टाइटंस ने दासुन शनाका को ग्लेन फिलिप्स की जगह टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली,।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सीजन में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के दासुन शनाका को टीम में शामिल किया है। शनाका को ग्लेन फिलिप्स की जगह टीम में लिया गया है, जो ग्रोइन इंजरी के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और स्वदेश लौट चुके हैं। ग्लेन फिलिप्स को इस सीजन गुजरात टाइटंस ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था। हालांकि, उन्हें एक भी मुकाबले में खेलने का मौका




नहीं मिला और इसी बीच वो ग्रोइन इंजरी का शिकार हो गए। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें पूरे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दासुन शनाका इससे पहले 2023 के सीजन में भी गुजरात टाइटंस की ओर से खेल चुके हैं। उस वक्त उन्हें कुछ ही मुकाबलों में मौका मिला था। अब एक बार फिर फ्रेंचाइजी ने उन पर भरोसा जताया है। शनाका को उनके बेस प्राइस 75 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया है। दासुन शनाका श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर हैं। उन्होंने अब तक 102 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले शनाका, गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन में बतौर ऑलराउंडर अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# आईपीएल 2025- विल जैक्स के ऑलराउंड प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को 4 विकेट से हराया

मुंबई,। आईपीएल 2025 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया है। मैच के हीरो इंग्लिश ऑलराउंडर विल जैक्स रहे, जिन्होंने बल्ले से 36 रन बनाए और गेंदबाजी में दो अहम विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 162 रन बनाए। ओपनर्स अभिषेक शर्मा (40) और ट्रैविस हेड (28) ने तेज शुरुआत दी, लेकिन मध्यक्रम में रन गति को बनाए रखना मुश्किल हुआ। हेनरिक क्लासेन ने आखिर में 37 रनों की उपयोगी पारी खेली। मुंबई




की ओर से विल जैक्स ने 3 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत संतुलित रही। रोहित शर्मा (26) और रिकलटन (31) ने अहम साझेदारी की। हालांकि, बीच के ओवरों में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने मैच में जान फूंक दी। उन्होंने 3 विकेट लेकर मुंबई के बल्लेबाजी क्रम को झटका दिया, जिसमें सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स जैसे खतरनाक बल्लेबाज शामिल रहे। मुंबई की जीत में तिलक वर्मा ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 21 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि हार्दिक पंड्या ने तेजतर्रार 21 रन बनाए। हालांकि एक समय मुंबई पर दबाव बना, लेकिन 18.1 ओवर में टीम ने 6 विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने 3 विकेट, इशान मलिंगा ने 2, और हर्षल पटेल ने 1 विकेट लिया।

# रघुराम राजन से ऐसा क्या बोल गए फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल जिसपर भड़के ट्रंप? बाजार में भी सुस्ती

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल को बर्खास्त करने की धमकी देने गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में मिला-जुला रुख दिखा। ट्रंप ने यूरोप व चीन से व्यापार समझौते पर भी सकारात्मक रुख जाहिर किया, इसका भी बाजार की भावना पर असर पड़ा। गुरुवार की सुबह शेयर बाजारों में उस समय उतार-चढ़ाव दिखा जब ट्रम्प ने ब्याज दरों में तेजी से कटौती नहीं करने के लिए पॉवेल को बर्खास्त करने की बात कही। ट्रंप ने ऐसी टिप्पणी उनके और फेड अध्यक्ष के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच कई बार की है। टैरिफ पर पॉवेल ने क्या टिप्पणी की है जो ट्रंप को रास नहीं, ट्रंप ने टैरिफ पर अब क्या कहा है? आइए जानते हैं सबकुछ। यूरोपीय संघ और चीन से व्यापार समझौते पर क्या बोले ट्रंप? हालांकि, ट्रंप की ओर से पॉवेल पर हमले को बाजार ने आगे चलकर नजरअंदाज कर दिया और दोपहर को इसमें तेजी दिखी। उधर, ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ 100त्न व्यापार समझौता होगा और चीन के साथ भी एक बहुत अच्छा सौदा होगा। बाजार के निवेशक ट्रंप प्रशासन की ओर से टैरिफ को 90 दिन तक रोकने और इस दौरान विभिन्न देशों के प्रति होने वाले व्यापार वार्ताओं के प्रति सतर्क दिखे। इटली की प्रधानमंत्री से मिलकर ट्रंप का क्या रुख? दूसरी ओर, ट्रंप ने इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ एक बैठक के दौरान संवाददाताओं से कहा, ओह, 100% व्यापार सौदा होगा। बेशक व्यापार सौदा होगा। वे ऐसा चाहते हैं। हम व्यापार सौदा करने जा रहे हैं। मुझे इसकी पूरी उम्मीद है। लेकिन यह एक निष्पक्ष सौदा होगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि उनके टैरिफ के कारण अमेरिकी सहयोगी देश चीन की ओर रुख कर लेंगे। ट्रंप ने कहा, कोई भी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता। कोई भी नहीं। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि आप देखेंगे कि हम चीन के साथ भी बहुत अच्छा समझौता करेंगे। ट्रंप की बयानबाजी के बाद बाजार पर क्या असर? ट्रंप की टिप्पणियों के बाद डॉव में 527



अंक या 1.33% की गिरावट आई। हालांकि, व्यापक इंडेक्स एसएंडपी 500 ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और सुबह लाल निशान पर गिरने के बाद 0.13त्न की बढ़त हासिल करने में सफल रहा। टेक शेयरों की बहुलता वाले नैस्डैक कंपोजिट में उतार-चढ़ाव के बाद 0.13त्न की गिरावट आई। इससे पहले तीनों प्रमुख सूचकांक लगातार दो दिनों से घाटे में थे। इनमें सप्ताह का अंत लाल निशान पर हुआ। गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार को अमेरिकी बाजार में कारोबार बंद रहेगा। गुरुवार की सुबह भी डॉव फ्यूचर्स में भारी गिरावट आई। यह गिरावट भी ट्रम्प की ओर से सोशल मीडिया पर पॉवेल की आलोचना के बाद देखी गई। ट्रंप ने फेड चेयर पर क्या टिप्पणी की? बुधवार को शिकॉगो में भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन से बातचीत के दौरान अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेड के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने टैरिफ पर नकारात्मक टिप्पणी की थी। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप नाराज दिखे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, फेड के जेरोम पॉवेल, जो हमेशा बहुत देर से और गलत काम करते हैं, ने कल एक रिपोर्ट जारी की जो पूरी तरह से गलत थी! क्या पॉवेल की बर्खास्तगी जल्दी नहीं हो सकती! ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वे पॉवेल से कहेंगे तो वे पद छोड़ देंगे। इसके बाद ट्रंप ने इस सवाल को नजरअंदाज कर दिया कि क्या वे पॉवेल को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। एवरकोर आईएसआई के उपाध्यक्ष कृष्ण गुहा ने गुरुवार को एक नोट में कहा, ऐसे समय में जब ट्रंप टैरिफ महंगाई के मोर्चे पर जोखिम पैदा कर रहा है। फेड की स्वतंत्रता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पॉवेल ने शिकागो में क्या कहा, जिसपर भड़के ट्रंप? पॉवेल ने बुधवार को शिकागो में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि ट्रंप के टैरिफ आधुनिक इतिहास में किसी भी दूसरी चीज से अलग हैं। इससे महंगाई को बढ़ावा मिलने और आर्थिक विकास में बाधा पैदा होने की आशंका है। इससे फेड का काम और अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण जटिल हो जाएगा। फेड प्रमुख की टिप्पणी के बाद बुधवार को शेयर बाजार में तेज बिकवाली दिखी। इसके बाद डॉव 700 अंक या 1.73% गिरकर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 2.24त्न की गिरावट आई और नैस्डैक कंपोजिट 3.07त्न नीचे फिसल गया। पॉवेल ने कहा है, हम स्वयं को चुनौतीपूर्ण हालात में डाल सकते हैं, इससे हमारे भविष्य के लक्ष्य प्रभावित होंगे। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने भी गुरुवार को एक भाषण में वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते जारी होने वाली अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट में आर्थिक विकास के पूर्वानुमानों में उल्लेखनीय कटौती की जाएगी। जॉर्जीवा ने कहा, वित्तीय बाज़ारों में अस्थिरता बढ़ गई है और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितता सचमुच चरम पर है। जेफरीज में यूरोप के मुख्य अर्थशास्त्री और रणनीतिकार मोहित कुमार ने एक नोट में कहा, हम बिग टेक से दूर रह रहे हैं क्योंकि हमारा मानना है कि इसका इस्तेमाल व्यापार वार्ता में हासिल करने के लिए किया जा सकता है।

# जिला अलीराजपुर में भी जबलपुर मॉडल की तैयारी,निजी स्कूलों की मनमानी पर नियंत्रण करने के लिए जांच दल का गठन

संजय राठौर जिला ब्यूरो अलीराजपुर- अशासकीय विद्यालयों की मनमानी पर नियंत्रण करने के लिए जांच दल का गठन से आम आदमी को लाभ अवश्य मिलेगा यह बहुत पड़ा परिवर्तन होगा इसके काफी सार्थक परिणाम आयेंगे और पालकों को राहत मिलेंगी जनता में खुशी आम चर्चा के अनुसार महंगी पुस्तकों से मुक्ति मिलेंगी ओर बार बार सिलेवर्श बदलने पर नियंत्रण भी होगा ! अशासकीय विद्यालयों को सिलेवर्श बदलने के पहले कारण बताना होगा क्या प्रशासन को मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना के नेतृत्व में निजी स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ोतरी और किताब माफिया के खिलाफ जो सख्त एक्शन मई 2024 में हुआ था, उसके अच्छे परिणाम सत्र 2025 में पूरी तरह से मिल गए। जबलपुर में जहां मनमानी फीस बढ़ोतरी पर लगाम लगी है, वहीं ज्यादातर स्कूलों द्वारा एन सी ई आर टी की किताबें लागू करने से अभिभावक स्कूल-किताब विक्रेता नेक्सस से मुक्ति पा चुके हैं। 8000 की किताबें-स्टेशनरी अब दो-ढाई हजार तक सिमट गई है। अलीराजपुर कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के एक आदेश के बाद से जनता में खुशी का माहौल है और आम चर्चा भी हो रही है कि अलीराजपुर निजी स्कूलों की मनमानी का खात्मा करने वाला यह जबलपुर मॉडल अब अलीराजपुर जिले में भी अपनाया जाएगा। दिल्ली के 600 स्कूलों पर बड़ा एक्शन हुआ था। फीस बढ़ाने पर रेखा गुप्ता सरकार ने पहले चरण में 10 स्कूलों को नोटिस थमा दिया है। स्कूलों से हिसाब-किताब मांगा जा रहा है। दिल्ली सरकार ने फीस बढ़ोतरी के मामले में 600 स्कूलों की ऑडिट रिपोर्ट ली और 10 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर मनमानी फीस बढ़ोतरी पर सख्त एक्शन लिया है। पर अब यह माना जा सकता है कि मध्यप्रदेश के जबलपुर से शुरू हुई किताब माफिया और मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ बेहद सख्त कार्यवाही पूरे देश में आधुनिक शिक्षा क्रांति का जनक बनने जा रही है। जबलपुर में मुख्यमंत्री की मंशा पर कमान कलेक्टर दीपक सक्सेना और उनकी टीम ने संभाली थी। तो दिल्ली में कमान खुद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संभाल ली है ओर आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा जिला अलीराजपुर




में कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर और उनकी टीम ने कमान संभाल ली है धीरे-धीरे इस आधुनिक शिक्षा क्रांति के इस जबलपुर मॉडल का फैलाव पूरे देश में होने जा रहा है उसका असर अलीराजपुर जिले में भी देखा जा रहा है और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पूरे मध्यप्रदेश में शिक्षा क्रांति के जबलपुर मॉडल को सख्ती से लागू करना ही चाहिए। ताकि शिक्षा सस्ती और सबको सुलभ हो सके अलीराजपुर जिले के निजी स्कूलों में ह्वद्ब्र्द से पांचवीं तक के बच्चों से प्रोजेक्ट फीस,एक्टिविटी, Lab &library,computer फीस के नाम से बच्चों से पैसे लिए जा रहे है आम आदमी का कहना है कि जो शिक्षा,सुविधा,ओर ज्ञान बच्चों को नहीं दिया जा रहा है कम से कम उसका चार्ज स्कूलों को नहीं लेना चाहिए आज पिछड़े हुए अलीराजपुर जिले में प्राइमरी ओर मिडिल क्लास के बच्चों का पाठ्य पुस्तकों का कोर्स /सिलेवर्श निजी हित के चक्कर में हर वर्ष बदल दिया जाता है जिसका पलकों को निश्चित मूल्य भुगतान करना पड़ता हैं जबकि लॉ की बुक हो या अन्य बुक पर भी पुस्तक विक्रेताओं के द्वारा 10 से लेकर 30त्न तक ग्राहकों को प्रिंट मूल्य से छूट दी जा रही है इसलिए निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और हर वर्ष सिलेवर्श बदलने वाले विद्यालयों से जानकारी भी लेना चाहिए कि आखिर क्या जरूरत आन पड़ी कि पाठ्यक्रम की पुस्तके बदल रहे है हर स्कूल को जवाबदेह होना चाहिए प्रायमरी और मिडिल के बच्चों के सिलेवर्श का रेट भी नियंत्रित करना चाहिए क्यों कि इस आदिवासी बाहुल्य ओर पिछड़े जिले में व्यक्ति के आय के साधन सीमित होने से कई समस्याओं का सामना आम आदमी को करना पड़ता है बच्चों की स्कूल फीस समय पर जमा नहीं करने पर पांच रु रोज की पेनल्टी ली जा रही है उसे भी नियंत्रित करना चाहिए सबसे पहले क्वाटर की त्रैमासिक फिश शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ होता है **इस सत्र में 1 मई से 15 जून तक स्कूल रहेंगे बंद** राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 1 मई से शुरू होकर 15 जून 2025 तक चलेंगी. यानी कुल 46 दिन छात्र स्कूल से दूर रहेंगे. इसके बाद 16 जून से नया शिक्षा सत्र 2025-26 शुरू होगा अत: 30 जून तक त्रैमासिक फिश जमा करने पर पालकों से अर्थदंड लेने पर भी नियंत्रण लगाना चाहिए क्यों कि अप्रैल माह में बच्चे 10 दिन भी स्कूल में नहीं जाते है और गर्मी की छुट्टियां आ जाती है अत: हमेशा जून से ही नया सत्र प्रारंभ होता है अत: 30 जून तक त्रैमासिक फिश जमा करने पर अशासकीय विद्यालयों द्वारा अर्थदंड लेने पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जो न्याय हित में उचित भी होगा जिला प्रशासन को आम आदमी के हितों को ध्यान में रखकर सख्त कार्यवाही करना चाहिए ताकि सर्व शिक्षा अभियान का उद्देश्य भी पूरा हो सके और शिक्षा सस्ती और सभी को सुलभ हो सके एवं पालकों और बच्चों को मानसिक परेशानियों से बचाया जा सके एनसीईआरटी की 50 की पुस्तक की जगह 400 की किताब चला रहे स्कूल, करोड़ों का गोरखधंधा* Books from private publishers instead of NCERT in private schools प्राइवेट स्कूलों की प्रकाशकों और दुकानदारों से सांठ-गांठ स्टूडेंट और उनके मां—पिता की आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ रही है। प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें बेहद महंगी है। Books from private publishers instead of NCERT in private schools- एमपी में जहां सरकारी स्कूलों में अभी परीक्षाएं ही चल रहीं हैं वहीं कई प्राइवेट स्कूलों में नया सत्र शुरु हो गया है। अधिकांश स्कूलों में एनसीईआरटी की बजाए पाठ्यक्रम में खास प्राइवेट प्रकाशकों की पुस्तकें हैं जोकि खास दुकानों पर ही मिल रही हैं। प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें बेहद महंगी है। प्राइवेट स्कूलों की प्रकाशकों और दुकानदारों से सांठ-गांठ स्टूडेंट और उनके मां—पिता की आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ रही है। यह हर आम आदमी की समस्या है जो हमारे द्वारा जिला प्रशासन की जानकारी में लाई गई है हमारा काम जनता की बात प्रशासन तक पहुंचना है कार्यवाही आम आदमी के हित में होना चाहिए आवाज जनता की कलम हमारी गिद्ध दृष्टि

## जिले के दो मंत्रियों के आश्वासन के बाद भी डॉ. मंडल अधर में...

झाबुआ ।संजय जैन-ब्यूरो ।विकास खंड राणापुर के ग्राम चुई में विगत 3 माह से एक चिकित्सक उत्पल मंडल ब्रेन हेमरेज के रोग से जूझ रहा हे। पत्नी,पुत्र ओर पुत्री सेवा में लगे हुए हे,जिससे उनकी सारी संपत्ति खर्च हो चुकी हे। जब सोशल मीडिया पर पांच सात दिन पहले जानकारी वायरल हुई,तो कुछ मंत्री नेता पहुंचे और बात जिला कलेक्टर तक भी पहुंची थी। हताशा उत्पन्न करने वाली बात तो यह हे कि झाबुआ लोक सभा में तीन-तीन कैबिनेट मंत्री होने के बाद भी डॉ. मंडल ओर परिवार अभी तक अधर में ही लटका हुआ हे। उल्लखनीय है कि उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि हम किसी भी कीमत पर मंडल परिवार को उनके पैतृक स्थल कलकत्ता तक अवश्य पहुंचाएंगे।

**25हजार रुपए भी प्रदान किए...**छत्तीसगढ़ से वापस लौटने पर झाबुआ विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.विक्रांत भूरिया और जिला अध्यक्ष प्रकाश रांका के साथ चुई ग्राम पहुंचकर रोगी ओर परिवार से मिले और सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हम आपके साथ है ।विधायक ने 25 हजार रुपए भी प्रदान किए। **मुख्यमंत्री को लिखा पत्र...** विधायक डॉ विक्रांत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री जो इन ग्रामीणों के वोट से ही विजय प्राप्त करते है वे आश्वासन के 5 दिन बाद भी उसे पूरा नहीं किया है। जिससे डाक्टर मंडल की पत्नी काफी सदमे में है साथ ही उनके पुत्र-पुत्री जो पढ़ाई छोड़कर अपने पिता की सेवा में लगे हुए हे,उनका भी पढ़ाई का वर्ष खराब होता जा रहा हे। विधायक ने मुख्यमंत्री से इस ओर कदम उठाने की पेशकश की है।

**यह थे उपस्थित...** डॉ.विक्रांत भूरिया और प्रकाश रांका के साथ आदिवासी युवा नेता रकसिंह भाबर,चुई के पूर्व सरपंच कसना भाई,विजय शाह ओर जिला मंत्री सुरेश समीर आदि उपस्थित थे।

## कत्ल का खुलासा 12 घण्टे के अंदर कर वायडी नगर पुलिस ने सभी आरोपीयों को किया गिरफ्तार

मंदसौर- पुलिस अधीक्षक मंदसौर अभिषेक आनंद जिला एवं अति. पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी एवं नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर सतनाम सिंह के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक संदीप सिह मंगोलीया थाना प्रभारी थाना वायडी नगर के नेतृत्व मे हत्या का किया खुलासा ।दिनांक 17.04.2025 को रात्री मे करीब 11.30 बजे गांव गुजरदा मे शादी की बिनोली में नाचने की बात को लेकर अनिल पिता राधेश्याम भोई उम्र 22 साल निवासी गुजरदा के साथ राजस्थान प्रतापगढ के दिवाला गांव के चार युवको, सुनील मीणा, अजय मीणा तथा दो अन्य साथियो ने मिलकर विवाद किया था। बिन्दोली खत्म होने के बाद अनिल अपने भाई रवि के साथ अपने घर जाने के लिये निकला की गब्बर मीणा के घर के सामने पहुंचे की पीछे से उक्त चारो युवक आये अनिल के साथ झगडा कर बोले के बिन्दोली मे तो बच गया अब नही बचेगा एसा कहकर झगडा करने लगे इसी बीच अनिल मीणा को बदमाशो द्वारा जान से मारने की नियत से सीने मे चाकू मारा गया जिससे अनिल भौई के सीने मे खून निकलने लगा तो मोके से उक्त चारो युवक चिल्ला चोट होने पर भाग निकले अनिल को उसका भाई व गांव वालो की मदद से जिला चिकित्सालय मंदसौर लाये जहा चिकित्सको के द्वारा अनिल भौई को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रवि की रिपोर्ट से थाने मर्ग पंजीबध्द किया गया तथा मामला हत्या का होने से अपराध धारा 103,115(2),296,3(5) बीएनएस का उक्त चारो युवको के विरूद्ध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिये गया दोराने विवेचना मामला सनसनी व गभीर होकर गांव गुजरदा मे दशहत का माहोल होने से वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश मे वायडी नगर पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपीगणो की तलाश कर आरोपीगणो को राउण्डप किया गया है आरोपीगणों से पुछताछ कर विवेचना जारी है। सराहनिय कार्य: - निरीक्षक संदीप सिंह मंगोलीया थाना प्रभारी थाना वायडी नगर, व चौकी प्रभारी उनि कपिल सोराष्ट्रीय, उनि विनय बुंदेला एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## सीएम विवाह योजना पर सियासत गरमाईः नपा अध्यक्ष गाडरे ने जताई नाराज़गी, समिति से बाहर रखने पर उठाए सवाल

**अजय बचले की रिपोर्ट** आमला। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को लेकर अब सियासी तकरार शुरू हो गई है। 25 अप्रैल को ग्राम कनोजिया (देवगांव) में आयोजित होने जा रहे सामूहिक विवाह समारोह को लेकर नगरपालिका परिषद आमला के अध्यक्ष नितिन गाडरे ने आयोजन समिति में खुद को नज़रअंदाज़ किए जाने पर कड़ा ऐतराज़ जताया है। गाडरे ने इस मामले को लेकर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने पूछा है कि क्या यह आयोजन शासकीय निधि से हो रहा है या फिर भाजपा के पार्टी फंड से उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया कि जिले की सभी जनपद पंचायतों में जहां भाजपा समर्थित पदाधिकारी व पूर्व नपा अध्यक्ष को स्थान दिया गया है, जबकि वर्तमान आमला नगरपालिका अध्यक्ष को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है।

**शासन का कार्यक्रम या भाजपा पार्टी का प्रचार** नपा अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा, यदि यह कार्यक्रम सरकारी पैसे से हो रहा है, और यह भी पैसा जनता के टैक्स से फिर नगरपालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को आयोजन समिति में क्यों नहीं जोड़ा गया क्या अब शासकीय योजनाएं भी भाजपा पार्टी लाइन पर संचालित होंगी गाडरे ने इस निर्णय को न केवल असंवैधानिक बताया, बल्कि इसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमा के खिलाफ भी करार दिया।

**सम्मान की मांग, राजनीति से परे** पत्र में उन्होंने यह भी मांग की कि आयोजन समिति में तत्काल संशोधन कर आमला नगरपालिका के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को भी शामिल किया जाए, जिससे कार्यक्रम गरिमामय और समावेशी रूप से संपन्न हो सके। इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है या भाजपा नेताओं के इशारे पर काम करता है यह भी सामने आएगा और सुधार की दिशा में कदम उठाता है या यह मामला और तूल पकड़ता है। इसमें भी लाखों का चुनाव लगाएंगे भाजपा के नेता ही खरीदी बिक्री टेंट खाने में कमीशन खोरी यह भी देखने को मिलेगी पिछले बार भी ऐसी ही भाजपा के नेताओं ने ही अच्छा खासा रोल निभाया था और अच्छा खासा कमीशन खोरी का खेल चलाया था इस बार सभी पत्रकार पैनी नजर रखेंगे और एक-एक रुपए का भी हिसाब लिया जाएगा नहीं बक्सेगें भ्रष्टाचारियों को उसका भी खेल उजागर करेंगे अब देखना है शादी में कौन से तरीके से खेल खेल रहे



हैं यह भी अच्छा खासा देखने को मिलेगा

प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट, l0/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उजैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उजैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक :शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट) ।